तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 15 अप्रैल 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

4 अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह पर दमकल विभाग ने निकाली रैली



## खबर संक्षेप

### वितरण हुई साड़ी की गुणवत्ता पर केबिनेट मंत्री के निर्देश पर जांच प्रक्रिया हुई तेज

**बिश्रामपुर।** राज्य में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को वितरित की गई साड़ियों की गुणवत्ता को लेकर सामने आई शिकायतों पर सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इसकी गहन जांच कराने के निर्देश दिए हैं। मंत्री श्रीमती राजवाड़े के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग के संचालक ने छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के प्रबंध संचालक को पत्र जारी कर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में साड़ी वितरण के लिए जारी किए गए क्रय आदेश के तहत कुछ जिलों से गुणवत्ता में कमी और निर्धारित मापदंडों में विचलन की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। विभागीय स्तर पर गठित जांच समिति द्वारा किए गए परीक्षण में कुछ स्थानों पर मानकों से विचलन की पुष्टि भी हुई है। इसके बाद अब मामले में कार्रवाई की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। संचालक महिला एवं बाल विकास द्वारा जारी पत्र में खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड को निर्देशित किया गया है कि वे अपने स्तर पर तकनीकी विशेषज्ञों की टीम गठित कर साड़ियों की पुनः गुणवत्ता जांच कराएं। यदि जांच में मापदंडों से किसी प्रकार का विचलन पाया जाता है, तो संबंधित एजेंसियों और आपूर्तिकर्ताओं के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### आठ चक्रों में हुई प्रतियोगिता

# नेशनल चेस टूर्नामेंट में राहुल संगमा बने विजेता



अतिथि के साथ विजेता खिलाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा कप ऑल इंडिया ओपन फिडे रेटेड चेस टूर्नामेंट का समापन पूर्व डिप्टी सीएम टी एस सिंहदेव के मुख्य अतिथि में किया ग या । । सु सी मा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित चार दिवसीय प्रतियोगिता 8 चक्रों के बाद समाप्त की गई। अंतिम चक्र में गुजरात के आई एम रहल संगमा एवं महाराष्ट्र के इन्द्रजीत महिंद्राकर के बीच चल रही बाजी बराबरी पर छूटी और 7.5 अंकों के टाइ ब्रेक के आधार पर राहुल संगमा विजेता बने।मुख्य अतिथि श्री सिंहदेव ने संगमा को नगद 51 हजार रुपए एवं विजेता ट्रॉफी तथा उपविजेता इन्द्रजीत महिन्द्राकर को 27 हजार नगद व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। प्राप्त हुआ।छत्तीसगढ़ के मास्टर विनोद शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।पश्चिम बंगाल की डबल्यु एफ एम राजन्या दत्ता ने छत्तीस गढ़ के यशद बाम्बेश्वर,मध्य प्रदेश के कामद मिश्रा,बिहार के किशन कुमार,झारखण्ड के कृष्ण कुमार कुमार ,छत्तीसगढ़ के मोबिन फारुकी और आलोक कनोजे क्रमशः चौथे, पाँचवें, छठवें, सातवें, आठवें, नौवें और दसवें स्थान पर रहे।

**खास बात**
- विजेता प्रतिभागी हुए सम्मानित

अनरेटेड खिलाड़ियों में सरगुजा के अभिषेक राजवाड़े प्रथम स्थान पर रहे। सीनियर 60+ में मध्यप्रदेश के अमल जीत बग्गा, बेस्ट सरगुजा में सुशील कुमार मिश्रा,बेस्ट महिला 15+ में अँजुम परवीन ने पहले स्थान पर कब्जा जमाया।बालिका वर्ग में अँशिका मिंज,इशिका मेडक, दीपांजली श्रीवास्तव, अनिका गुप्ता, और तनिष्का शिल्पी क्रमशः अण्डर 15,13,11,9,7 आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में पश्चिम बंगाल के डिप्रोनील बर्मन,आरोहन डे, झार खण्ड के कबीर आदित्य आनन्द,उत्तराखंड के तेजस तिवारी,और अंबिकापुर के प्रज्वल पांडेय ने क्रमशः अण्डर 15,13,11,09,07 आयु वर्ग में प्रथम रहे। पुरस्कार वितरण में मुख्य अतिथि ने जुलाई में एक और आँल इण्डिया ओपन रैपिड एण्ड ब्लिट्ज चेस टूर्नाण्ट अम्बिकापुर में आयोजित करने की घोषणा की।उन्होंने सरगुजा के हर स्कूल में शतरंज आरम्भ करने के लिये सुसीमा वेल्फेयर फाउण्डेशन को पाँच-पाँच एवं हर ग्राम पंचायत को एक-एक शतरंज सेट देने की घोषणा की।समारोह को छत्तीसगढ़ शतरंज संघ के संयुक्त सचिव सरोज वैष्णव, शासकीय पालिटेक्नीक के प्राचार्य आर जे पाण्डेय ने भी संबोधित किया।इस दौरान बिश्वनाथ मनियन और सुसीमा फाउण्डेशन के अध्यक्ष सुजीत जायसवाल, शेष रतन जायसवाल, विश्वास तिवारी, नवीन जायसवाल , निर्णायक आनीस अँसारी, शुभम बसोने, हर्ष शर्मा सहित बड़ी संख्या में निर्णायक, खिलाड़ी एवं खेलप्रेमी उपस्थित थे।

### शतरंज प्रतियोगिता में सुशील मिश्रा बने सरगुजा चैंपियन

**सीतापुर।** आल इंडिया चेस फेडरेशन एवं छग प्रदेश शतरंज संघ के दिशा निर्देश में सीमा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता के रोमांचक मुकाबले में जीत हासिल करते हुए सुशील मिश्रा ने सरगुजा चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। सीतापुर निवासी शिक्षक सुशील मिश्रा ने चार दिन तक चलने वाले ऑल इंडिया फिडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता में आठ में से छः राउंड जीतकर नान रेटेड वर्ग में सर्वाधिक अंक प्राप्त किया। जिसके आधार पर उन्हें विजेता घोषित करते हुए सरगुजा चैंपियन का खिताब प्रदान किया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने उन्हें विजेता कप एवं नगद पुरस्कार राशि प्रदान किया। इससे पूर्व भी सुशील मिश्रा ने सन 2023 में ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज शतरंज प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर चयनित होकर भुनेश्वर उड़ीसा में आयोजित नेशनल टूर्नामेंट में छग का प्रतिनिधित्व कर चुके है। विदित हो कि इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से 302 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। जिसमे पुरुष खिलाड़ी 244 एवं महिला खिलाड़ियों की संख्या 57 थी।

# सामान्य सभा न हो पाना निगम की प्रशासनिक विफलता : शफी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नगर निगम का बजट वित्तीय वर्ष खत्म होने के 15 दिन बाद भी सामान्य सभा मे प्रस्तुत न जाने पर नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने ननि की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने इसे घोर लापरवाही और प्रशासनिक विफलता करार देते हुए कहा कि यह देरी बताती है कि नगर सरकार के पास शहर के विकास को लेकर कोई स्पष्ट विजन ही नहीं है।



नेता प्रतिपक्ष श्री अहमद ने कहा कि बजट केवल औपचारिक दस्तावेज नहीं, बल्कि शहर के भविष्य की दिशा तय करने वाला रोडमैप होता है। इसमें पक्ष और विपक्ष के सभी जनप्रतिनिधियों की भागीदारी से विकास की प्राथमिकताएं तय होती हैं लेकिन इस बार बजट में हुई देरी यह संकेत देती है कि इस सरकार के पास न तो कोई ठोस योजना है और न ही शहर के विकास को लेकर गंभीरता। उन्होंने आरोप लगाया कि ननि सरकार जनता और पार्षदों-दोनों की उपेक्षा कर रही है। पार्षदों को अपने-अपने वार्ड की समस्याएं रखने और उनके समाधान के लिए मंच तक नहीं मिल रहा है, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के साथ खुला अन्याय है। उन्होंने ननि अधिनियम का हवाला देते हुए कहा कि हर दो महीने में सामान्य सभा की बैठक अनिवार्य है, लेकिन इस नियम को लगातार दरकिनार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछली बैठक 16 अक्टूबर 2025 को कांग्रेस के कड़े विरोध के बाद करीब चार महीने की देरी से बुलाई गई थी और अब छह महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद फिर से बैठक नहीं बुलाई गई है। उन्होंने महापौर से सीधा सवाल किया कि क्या अब ननि में लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं केवल विपक्ष के दबाव में ही चलेंगी? क्या बिना विरोध के प्रशासन अपनी जिम्मेदारियां निभाने में सक्षम नहीं है? श्री अहमद ने कहा कि सामान्य सभा ही वह मंच है, जहां पार्षद अपने वार्ड की सड़क, बिजली, पानी, आंगनवाड़ी, सफाई और राशन वितरण जैसी बुनियादी समस्याओं को मजबूती से रखते हैं और अधिकारियों पर जवाबदेही तय होती है। लेकिन बैठक न होने से न तो समस्याएं उचित फोरम पर उठ पा रही हैं और न ही उनका समाधान हो पा रहा है।अंत में उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 15 दिनों के भीतर सामान्य सभा की बैठक नहीं बुलाई गई, तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की होगी।

# सीतापुर विधायक के जाति प्रमाण पत्र मामला हाईकोर्ट ने दिए 90 दिनों के भीतर जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो के जाति प्रमाण पत्र की वैधता को लेकर चल रहे विवाद पर जनजाति सुरक्षा मंच के जिला संयोजक बिहारी लाल तिर्की ने प्रेस वार्ता कर जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि विधायक के जाति प्रमाण पत्र जारी होने की प्रक्रिया प्रारंभ से ही संदिग्ध रही है। सूचना मिलते ही उनके द्वारा संबंधित दस्तावेजों का संकलन किया गया। दस्तावेजों के अवलोकन में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं।



उ न्हों ने बताया कि जाति प्रमाण पत्र अ नु वि भा गी य अ धि का री , लै लूं गा कार्यालय से 19 सितंबर 2023 को जारी किया गया था। इसके खिलाफ 21 अक्टूबर 2023 को जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र छानबीन समिति, रायगढ़ के समक्ष शिकायत प्रस्तुत की गई। उसी दौरान विधानसभा चुनाव की घोषणा हो जाने के कारण त्वरित कार्रवाई हेतु प्रकरण को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर में रिट याचिका क्रमांक 4587/2023 के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। उच्च न्यायालय ने मामले को जिला स्तरीय समिति को विधि अनुसार जांच के निर्देश दिए। लगभग दो वर्षों तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने पर पुनः रिट याचिका क्रमांक 1466/2026 दायर की गई। इस याचिका में अधिवक्ता अनुराग सिंह ने पक्ष रखा। न्यायालय ने 2 अप्रैल को आदेश पारित करते हुए समिति को 90 दिनों के भीतर जांच पूरी करने के निर्देश दिए।

# नकाबपोश बाइक सवार लुटेरों ने पिकअप चालक पर किया चाकू से हमला

**सीतापुर।** सुनसान जंगल मे नकाबपोश बाइक सवार युवकों ने न सिर्फ पिकअप को रोका बल्कि चालक पर चाकू व पत्थर से जानलेवा हमला कर उसके पास रखे नकदी सहित मोबाइल लूट कर फरार हो गए। लूट की घटना अंजाम देने वाले नकाबपोश की उम्र 20 से 30 वर्ष के बीच बताई जा रही है। घायल चालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है।

- नकदी व मोबाइल लूट हुए फरार

जानकारी के अनुसार ग्राम रायकेरा टोकोपारा निवासी समीरुल्लाह खान आ अब्दुल्लाह खान (31 वर्ष) जो सुनीता फर्नीचर में चालक का काम करता है। गत दिन पिकअप में सुनीता फर्नीचर से आठ नग पलंग लेकर जशपुर जिले के महादेवडाँड़ में स्थित दीपक हार्डवेयर में पहुंचाने गया था। पलंग को पहुंचाने के बाद चालक दुकानदार से 51 हजार 2 सौ रुपये लेकर वापस सीतापुर आ रहा था। इसी बीच रात 8 बजे के करीब जैसे ही पिकअप चालक बेनई जंगल पार कर रहा था तभी दो बाइक में सवार चार नकाबपोश युवकों ने ओवरटेक करते हुए जंगल स्थित हनुमान मंदिर के समीप सुनसान जगह देख पिकअप को रुकवाया। चालक ने वाहन को रोका तो नकाबपोश युवकों ने चालक को पिकअप से खींचकर नीचे उतारा और चाकू से उस पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले के दौरान चाकू लगने से चालक घायल होकर नीचे गिर गया। चालक के नीचे गिरते ही बाइक सवार युवकों ने उस पर पत्थर से हमला कर दिया और चालक के पास रखे नगदी और मोबाइल लूट कर फरार हो गए। सुनसान जंगल मे नकाबपोश युवकों द्वारा चाकूबाजी एवं लूट के बाद पिकअप चालक काफी दहशत में आ गया। घायल हालत में चालक किसी तरह बेनई जंगल पार करने के बाद ग्राम एरंड पहुंचा और पत्नी को अपने साथ हुए घटना के बारे में जानकारी दी। परिजन ने समीरूल्लाह की हालत देख तत्काल स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के बाद चालक की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। घायल चालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने नकाबपोश लुटेरों के विरुद्ध धारा 309(6) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

इस संबंध में थाना प्रभारी अखिलेश सिंह ने बताया कि पुलिस लुटेरों की तलाश में जुटी हुई है। जल्द ही इस मामले को सुलझाते हुए लुटेरों को गिरफ्तार किया जाएगा।





## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने अमरकंटक में नर्मदा उद्गम स्थल पर की पूजा-अर्चना



**अनूपपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अनूपपुर जिले के पवित्र तीर्थ स्थल अमरकंटक प्रवास के दौरान मॉ नर्मदा के उद्गम स्थल पहुंचकर मां नर्मदा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने मां नर्मदा की आरती कर प्रदेश के नागरिकों के उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि एवं चहुंमुखी विकास के लिए मंगल कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मां नर्मदा मध्यप्रदेश की जीवनरेखा है और उनका आशीर्वाद सदैव प्रदेशवासियों पर बना रहता है। उन्होंने अमरकंटक की पावनता एवं आध्यात्मिक महत्व को रेखांकित करते हुए प्रदेश के समग्र विकास एवं जनकल्याण का संकल्प दोहराया। मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार, कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल, अध्यक्ष नर्मदे हर सेवा न्यास एवं मध्यप्रदेश कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा रामलाल रौतेल, जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष पद्मश्री मोहन नागर, विधायक जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र श्रीमती मनीषा सिंह ने भी मां नर्मदा की पूजा-अर्चना की।

### कोरिया कालरी में नशे के खिलाफ सर्च ऑपरेशन

**कोरिया कॉलरी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश तथा सीएसपी और चिरमिरी थाना प्रभारी के नेतृत्व में कोरिया कालरी चौकी प्रभारी द्वारा नगर में नशे के खिलाफ सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने घर-घर जाकर पूछताछ और जांच की तथा लोगों को समझाइश भी दी। पुलिस ने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति गांजा, शराब या अन्य किसी प्रकार के नशीले पदार्थों की बिक्री करते पाया जाता है, तो उसके विरूद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दरअसल इन दिनों पुलिस प्रशासन द्वारा क्षेत्र में नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। समाज में बढ़ते नशे के प्रचलन से अब नवयुवक भी अछूते नहीं रह गए हैं। नशे की हालत में लोग आपसी हिंसा करते हैं या तेज गति से वाहन चलाकर दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते हैं। नशा मुक्त भारत की दिशा में यह एक जन आंदोलन है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक तक पहुंचकर एक स्वस्थ और खुशहाल समाज का निर्माण करना है। हाल ही में गोदरीपारा क्षेत्र में एक युवक नशे की हालत में तलवार लहराते हुए नजर आया था।

### चिरमिरी में प्रगणकों का प्रशिक्षण प्रारंभ

**डोमनहिल।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण की तैयारियों के तहत जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण प्रारंभ कर दिया गया है। कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी के मार्गदर्शन में मंगलवार को नगरपालिक निगम चिरमिरी के सभागार में सुबह 10:30 बजे से प्रशिक्षण की शुरूआत हुई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में चार कुशल फील्ड ट्रेनर चंदन दत्ता, चंद्रशेखर पोलाई, आरके नायक एवं नितेश मिश्रा द्वारा नगर निगम चिरमिरी क्षेत्र के 95 गणना ब्लॉक के प्रगणकों और 16 सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

---

लाखों रुपए हुए थे खर्च, पर्यावरण संरक्षण के नाम पर अनदेखी

# 3 हेक्टेयर में रोपे गए पौधे गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग वन विकास निगम एवं एसईसीएल की जुगलबंदी से वर्ष 2015-16 में कोरिया जिले के कटगोड़ी में 7500 की संख्या में मिश्रित पौधे का रोपण 3 हेक्टेयर क्षेत्र में पौधरोपण कराया गया था, लेकिन आज 10 वर्षों में हजारों पौधों का पौधा रोपित स्थल पौधों का कब्रिस्तान बन गया है।

उक्त स्थल पर जहां पेड़ों की हरियाली दिखाई देनी चाहिए, वहां पुराने पेड़ों के अलावा खाली जमीन दिखाई देता है। इस तरह पौधरोपण के नाम पर लाखों रूपए बर्बाद कर दिए गए और पर्यावरण संरक्षण के नाम पर सरकारी खजाने को किस तरह से चूना लगाया जाता है, इसका जीता जागता उदाहरण जिले के कटगोड़ी क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार छग वन विकास निगम एवं एसईसीएल पौधरोपण क्षेत्र बैकुंठपुर उप क्षेत्र चरचा आरओ नॉन ओबी डंप क्षेत्र बैकुंठपुर के अंतर्गत कटगोड़ी शॉफ्ट के निकट तर्रा बसेर रोड किनारे पौधरोपण वर्ष 2015-16 में 3 हेक्टेयर क्षेत्र में 7500 मिश्रित पौधों का रोपण किए जाने की जानकारी है। पौधरोपण स्थल पर सूचना बोर्ड आज तक दिखाई दे रहा है और दर्शित सूचना स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है, लेकिन सूचना बोर्ड पर अंकित पौधे उक्त स्थल से नदारत है। पौधरोपण वाले क्षेत्र में पुराने पेड़ों के अलावा रोपित पौधे एक भी दिखाई नहीं दे रहे हैं। उक्त स्थल पर रोपित पौधों में वहां आज एक भी पौधा जीवित नहीं है। लाखों की लागत से यहां का पौधरोपण अब केवल फाइलों व ऑकड़ों तक सीमित रह गया है।



नहीं दिखते रोपे गए पौधे ।

### लाखों खर्च किए नतीजा सिफर

कटगोड़ी शॉफ्ट के निकट छग वन विकास निगम एवं एसईसीएल के सहयोग से 3 हेक्टेयर में हजारों पौधों के रोपण के लिए 10 वर्ष पहले लाखों रूपए खर्च दिए गए और 10 वर्ष के बाद पौधरोपण स्थल पर नतीजा सिफर है। रोपित पौधों की सुरक्षा और सिंचाई के लिए जिम्मेदारी तय नहीं किए जाने के कारण आज धरातल पर स्थिति इसके उलट है। कई वर्ष बीत जाने के बाद भी पौधा रोपण स्थल पर रोपित एक भी वृक्ष नजर नहीं आता। विभाग द्वारा पौधरोपण करने के बाद देखभाल की ओर पूरी तरह से नजर अंदाज कर दिए जाने का ही नतीजा सिफर हो गया।

### मामले की जांच की जानी चाहिए

कटगोड़ी शॉफ्ट के निकट तर्रा बसेर मार्ग किनारे लाखों रूपए खर्च कर रोपित पौधों का आज नामोनिशान मिट जाना विभागीय लापरवाही का नतीजा है, इससे यह सवाल उठता है कि क्या अधिकारियों ने कभी इस क्षेत्र का भौतिक सत्यापन किया। पौधरोपण स्थल पर 7500 पौधों का गायब होना कोई छोटी बात नहीं इस मामले की जांच की जानी चाहिए कि बिना किसी प्राकृतिक आपदा के इतने बडे पौमाने पर पौधे कैसे नष्ट हो गए साथ ही पौधरोपण के विफलता के लिए जिम्मेदारी तय करने की जरूरत है।

---

# खरमास खत्म: अब शुरु होंगे वैवाहिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



बीते माह 13 मार्च से प्रारंभ हुआ खरमास 14 अप्रैल को सूर्य के मीन राशि से निकलकर मेष राशि में प्रवेश करने के साथ ही एक माह का खरमास समाप्त हो गया। इसके साथ ही सभी तरह के मांगलिक कार्यो में लगी रोक अब हट गई। खरमास समाप्त होने के दूसरे दिन 15 अप्रैल से विवाह का दौर शुरू हो जाएगा।

जानकारी के अनुसार इस बार 15 अप्रैल से जून तक तीन माह में कुल 31 विवाह मुहूर्त हैं और फिर जुलाई माह में गिनती के विवाह मुहूर्त पड़ रहे हैं। हालांकि सबसे अधिक विवाह गमी के दिनों में ही संपन्न होते हैं। जुलाई माह में पानी बरसात के मौसम के चलते कम ही शादियां होती है। एक माह का तक खरमास के चलते विवाह सहित अन्य तरह के शुभ कार्यो में विराम लगा था, जो 14 अप्रैल को समाप्त होने के साथ ही दूसरे दिन 15 अप्रैल से विवाह सहित सभी तरह के मॉगलिक कार्यो की शुरूआत हो गई। वैवाहिक कार्यक्रम के लिए लोगों ने इसके पूर्व ही सभी तरह की आवश्यक तैयारियां शुरू कर दिए थे, ताकि ऐन वक्त पर होने वाली परेशानी न रहे।

### व्यवस्थाओं के लिए एडवांस बुकिंग

15 अप्रैल से शुरू हो रही विवाह कार्यक्रम के लिए लोगों के द्वारा इसके पूर्व ही विभिन्न जरूरी व्यवस्थाओं के लिए एडवांस बुकिंग कर चुके हैं, ताकि ऐन निकट समय में किसी तरह की परेशानी न हो। लोगों द्वारा विवाह कार्यक्रम के लिए शादी घर, टेंट, फोटोग्राफर, केटरर, डिजे आदि की एडवांस बुकिंग कर चुके हैं। वहीं खरीदी के लिए बाजार में भीड़ जुट रही है।

### 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया

जानकारी के अनुसार आगामी 20 अप्ैरल को अक्षय तृतीया की तिथि पड़ रही है। इस दिन अबुझ मुर्हूत रहता है और इस दिन को श्रेष्ठ माना जाता है। इस दिन सबसे अधिक विवाह कार्यक्रम संपन्न कराए जाते हैं। इस दिन जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे अधिक विवाह कार्यक्रम संपन्न कराए जाते हैं। वहीं प्रशासन अक्षय तृतीया को सतर्क रहता है,ताकि किसी नाबालिक का विवाह न हो पाए।

---

# अपहरण-दुष्कर्म का आरोपी झारखंड से गिरफ्तार

**चरचा कॉलरी।** जिले में नाबालिग बालिका के अपहरण और दुष्कर्म के सनसनीखेज मामले में थाना चरचा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज 24 घंटे के भीतर बड़ा खुलासा कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 अप्रैल 2026 को पीड़िता की मां ने थाना चरचा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग पुत्री को 7 अप्रैल की शाम एक अज्ञात युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। मामला सामने आते ही पुलिस हरकत में आई और तत्काल अपराध क्रमांक 65/2026 धारा 137(2) बीएनएस के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।

थाना प्रभारी आनंद सोनी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई, जिसने तकनीकी साक्ष्यों, मुखबीर सूचना और साइबर ट्रैकिंग के जरिए आरोपी की लोकेशन का पता लगाना शुरू किया। पुलिस ने बिना समय गंवाए संभावित स्थानों पर दबिश देना शुरू किया। लगातार प्रयासों के बाद 9 अप्रैल को पुलिस टीम ने सूरजपुर जिले से नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर लिया। बरामदगी के बाद पीड़िता के बयान में जो खुलासे हुए, उन्होंने पूरे मामले को और गंभीर बना दिया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी शरीफ खान ने उसे शादी का झांसा दिया और काम दिलाने का लालच देकर अपने साथ मोटरसाइकिल (सीजी 16 सीएस 3298) में बैठाकर ले गया। रास्ते में सुनसान स्थान पर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। इसके बाद आरोपी उसे झारखंड के गढ़वा ले गया, जहां कई दिनों तक उसका शारीरिक शोषण किया गया। पीड़ति के बयान के आधार पर पुलिस ने मामले में धारा 64, 87 बीएनएस के साथ-साथ पॉक्सो एक्ट की धारा 4 और 6 भी जोड़ दी। तकनीकी साक्ष्यों और लोकेशन ट्रैकिंग के आधार पर आरोपी की मौजूदगी झारखंड के गढ़वा जिले में पाई गई। चरचा पुलिस ने वहां दबिश देकर आरोपी शरीफ खान को गिरफ्तार कर लिया और 14 अप्रैल को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है। इस पूरे ऑपरेशन में थाना प्रभारी आनंद सोनी के नेतृत्व में एसआई बालेश्वर महानंदी, प्रधान आरक्षक शशिभूषण, आरक्षक आनंद टोप्पो, नारायण नायक, रूपनारायण, सैनिक विकास सिंह और साइबर स्टाफ आरक्षक अमरेश की अहम भूमिका रही।



### आरोपी का है आपराधिक रिकॉर्ड

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी शरीफ खान एक शातिर और आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ पहले भी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता की जानकारी मिली है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या इस पूरे घटनाक्रम में उसके परिवार या अन्य लोगों की भी कोई भूमिका रही है।

---

# बैसाखी पर्व पर मनाया गया खालसा सृजन दिवस





हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

शहर के गुरूद्वारा गुरू सिंह सभा में 14 अप्रैल को बैसाखी के पावन अवसर पर खालसा सृजन दिवस अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया।

इस दौरान काफी संख्या में श्रद्धालुओं, महिलाओं और बच्चों (नव निहालों) की उपस्थिति रही। पूरे गुरूद्वारा परिसर में भक्ति और आस्था का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर सिख धर्म के दशम गुरु-गुरु गोविंद सिंह द्वारा खालसा पंथ की स्थापना की ऐतिहासिक घटना को स्मरण किया गया। ज्ञात हो कि वैशाख मास की प्रथम तिथि सन-1699 में पंजाब के आनंदपुर साहिब के केशगढ़ में एक विशाल समागम का आयोजन किया गया था। इसमें देशभर से हजारों श्रद्धालु शामिल हुए थे। इसी ऐतिहासिक अवसर पर गुरू गोविंद सिंह जी ने बलिदान के लिए 5 शीश की मांग की थी, जिस पर 5 श्रद्धालुओं ने अपने प्राण न्यौछावर करने की भावना व्यक्त की। इन 5 श्रद्धालुओं भाई दया सिंह लाहौर,



भाई मोहकम सिंह द्वारिका, भाई साहब सिंह बीदर, भाई धर्म सिंह हस्तिनापुर और भाई हिम्मत सिंह जगन्नाथ पुरी को गुरू जी ने अमृत पान कराकर 5 प्यारों के रूप में स्थापित किया और खालसा पंथ की नींव रखी। इस ऐतिहासिक घटना ने समानता, एकता और साहस का संदेश पूरे समाज में प्रसारित किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बताया कि खालसा पंथ की स्थापना का मुख्य उद्देश्य समाज में फैले जातिगत भेदभाव, ऊंच-नीच और अन्याय को समाप्त कर समानता स्थापित करना था। साथ ही अत्याचार के विरूद्ध संघर्ष और धर्म की रक्षा के लिए खालसा फौज का गठन भी किया गया था। इस अवसर पर खालसा की पहचान 5 ककार केश, कृपाण, कड़ा, कच्छा और कंघा के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया।

श्रद्धालुओं ने गुरु परंपरा और खालसा मर्यादा को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के समापन पर गुरुद्वारा परिसर में गुरु का अटूट लंगर प्रसाद वितरित किया गया, इसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आयोजन को सफल बनाने में गुरुद्वारा गुरू सिंह सभा की कमेटी एवं समस्त संगत का सराहनीय योगदान रहा।

---

### अंबेडकर जयंती पर भव्य आयोजन, गूंजे जय भीम के नारे

**कोरिया कॉलरी।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती के पावन अवसर पर कोरिया कॉलरी स्थित अंबेडकर चौक में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता तथा काफी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। पूरा क्षेत्र जय भीम और बाबा साहेब अमर रहे के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहेब की प्रतिमा पर विधिवत माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। उपस्थित सभी लोगों ने श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। मंच से वक्ताओं ने बाबा साहेब के संघर्षपूर्ण जीवन, भारतीय संविधान के निर्माण में उनके अमूल्य योगदान तथा समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए किए गए कार्यों को विस्तार से याद किया। अपने उद्बोधन में वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब द्वारा दिखाया गया मार्ग आज भी उतना ही प्रासंगिक है। शिक्षा, समानता और अधिकारों की लड़ाई में उनके विचार नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। वक्ताओं ने सभी से आह्वान किया कि वे उनके आदर्शों पर चलकर समाज में समरसता और समानता स्थापित करें।



### अंबेडकर जयंती पर सोनहत में निकला शोभायात्रा



**बैकुण्ठपुर।** डॉ.भीमराव अंबेडकर की 135 जयंती अवसर पर जनपद मुख्यालय सोनहत में सर्व अंबेडकर मूल निवासी विचार मंत्र सोनहत द्वारा विशाल शोभायात्रा निकालकर रविदास भवन खुटरापारा में पहुंची, जहां वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में विभिन्न वर्ग के लोग जुटे रहे।

### कांग्रेस कार्यालय में अंबेडकर जयंती पर श्रद्धांजलि सभा

**बैकुण्ठपुर।** कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन बैकुंठपुर में मंगलवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों एवं समाजसेवियों ने डॉ. अंबेडकर जी के चित्र/प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा में वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर जी के जीवन, उनके संघर्ष और समाज में किए गए अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे न केवल भारतीय संविधान के निर्माता थे, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों के सशक्त पक्षधर भी थे। उन्होंने अपने जीवन के माध्यम से



यह संदेश दिया कि शिक्षा, संघर्ष और संगठन के बल पर किसी भी सामाजिक बंधन को तोड़ा जा सकता है तथा वंचित एवं शोषित वर्गों को सशक्त बनाकर समतामूलक समाज की स्थापना की जा सकती है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव, पूर्व जिला अध्यक्ष नजीर अजहर, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, महामंत्री बृजवासी तिवारी, हेमसागर यादव, ब्लॉक अध्यक्ष आशीष यादव, शैलेन्द्र सिंह, कृष्ण कुमार राजवाड़े, रविशंकर राजवाड़े, श्रीमती संगीता राजवाड़े, विकाश श्रीवास्तव, चंद्र प्रकाश राजवाड़े, राजीव गुप्ता, रियाजुउद्दीन, वसीम खान, वसीम वकील, संतोष गोयन, रामसाय सोरी, विजय चक्रधारी, स्वतंत्र महोबिया, कुंवर साय सहित काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

### अंबेडकर जयंती पर खोंगापानी में सेवा और समर्पण का संदेश

**मनेन्द्रगढ़।** सेवा ही संगठन के मूलमंत्र के साथ 14 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में अंबेडकर जयंती के अवसर पर आदर्श हाई सेकेंडरी स्कूल, मेन मार्केट खोंगापानी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारत रत्न भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक भरतपुर-सोनहत श्रीमती चंपा देवी पावले के मार्गदर्शन एवं महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा पटवा के निर्देशानुसार संपन्न हुआ। वहीं हसदेव मंडल अध्यक्ष सुश्री बबीता सिंह के नेतृत्व एवं महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्रीमती रेनू सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों को बाबा साहब के जीवन, संघर्ष और विचारों से अवगत कराया गया।

---

दिनों दिन हो रही तापमान में बढ़ोतरी, दोपहर में झुलसाने वाली गर्मी

# बढ़ा तापमान, शहर की सड़कें होने लगी सूनी, पारा 40 के पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मौसम के साफ होने के साथ सूर्य के तेवर चढ़ते जा रहा है, इसके चलते दिनों दिन तापमान में बढ़ोतरी हो रही है और तेज धूप के चलते दोपहर के समय झुलसाने वाली गर्मी अभी से लगने लगी है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री दर्ज किया गया और दिनभर तेज धूप का असर रहा। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है, इसके दूसरे दिन गुरूवार को एक डिग्री तापमान और बढ़कर अधितम पारा 41 डिग्री हो जाएगा। अप्ैरल माह की शुरूआत से बदली व बेमौसम बारिश के चलते तापमान में ज्यादा बढ़ोतरी नहीं हुई थी, लेकिन अप्रैल माह के दूसरे सप्ताह में मौसम साफ होने के साथ ही शुष्क मौसम हो गया और आसमान साफ होने के कारण लगातार सुबह से शाम तक तेज धूप पड़ रही है। स्थिति यह है कि इन दिनों सुबह के कुछ घंटे पश्चात ही सूर्य की किरणे चुभने लगती है।



दोपहर में सूनसान दिख रही सड़क।

### गर्मी से बढ़ाई परेशानी, दोपहर में बाजार सुना

**सोनहत।** मौसम में सुधार के साथ ही क्षेत्र में गर्मी का असर तेजी से बढ़ने लगा है। पिछले तीन-चार दिनों से तापमान में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है, जिससे जनजीवन प्रभावित होने लगा है। खासकर सुबह 10 बजे के बाद तेज धूप और गर्मी के कारण मजदूरी, भवन निर्माण और खेती-किसानी जैसे कार्यों पर असर साफ दिखाई दे रहा है।

गर्मी की तीव्रता को देखते हुए कई कार्य स्थलों पर दोपहर के समय काम रोककर अवकाश दिया जा रहा है। वहीं बाजारों में भी दोपहर के समय सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है, जिससे स्थानीय व्यापार-व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। तेज गर्मी से राहत पाने के लिए क्षेत्र में ठंडे पेय, शीतल जल और आइसक्रीम की मांग में अचानक बढ़ोतरी हुई है। दूर-दराज के गांवों से काम के सिलसिले में आने वाले ग्रामीण भी गर्मी से राहत पाने इनका सहारा लेते दिख रहे हैं। गर्मी से परेशान मजदूरों, किसानों और महिलाओं ने बस स्टैंड, बैंक परिसर और प्रमुख चौक-चौराहों पर पेयजल की समुचित व्यवस्था करने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दोपहर के समय सबसे ज्यादा परेशानी होती है, ऐसे में सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था से राहगीरों को बड़ी राहत मिल सकती है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से जल्द ही प्याऊ सुविधा बहाल करने और गर्मी से राहत के अन्य इंतजाम करने की मांग की।

## खबर संक्षेप



### निजी विद्यालयों द्वारा की जा रही अनियमितताओं के विरोध में एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

**राजपुर।** एनएसयूआई के संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय के उपाध्यक्ष आदित्य जायसवाल नेतृत्व में निजी विद्यालयों द्वारा की जा रही आर्थिक अनियमितताओं और अभिभावकों के शोषण के विरोध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में निजी स्कूलों द्वारा हर वर्ष लिए जा रहे अवैध री-एडमिशन शुल्क पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई। साथ ही स्कूल प्रबंधन द्वारा अभिभावकों को ड्रेस, किताबें एवं अन्य शिक्षण सामग्री केवल स्कूल के निर्धारित काउंटरों से ही ऊंचे दामों पर खरीदने के लिए बाध्य किए जाने का विरोध किया गया। इस दौरान आदित्य जायसवाल ने कहा कि निजी विद्यालय शिक्षा को व्यवसाय का रूप दे चुके हैं। बाजार मूल्य से कई गुना अधिक दरों पर सामग्री बेचना और हर साल प्रवेश शुल्क के नाम पर अवैध वसूली करना शिक्षा व्यवस्था को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने कहा कि इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है और कई अभिभावक अपने बच्चों की पढ़ाई जारी रखने में असमर्थ महसूस कर रहे हैं। एनएसयूआई ने मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। इस दौरान सूर्यकांत, पंकज ठाकुर, विशाल, चंद्रप्रकाश, उत्कर्ष, अस्मित, सुरेंद्र, रंजीत सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय कोल वेतन समझौता 12 की कमेटी गठन में हो रही देरी पर बीएमएस ने जताई चिंता

**बिश्रामपुर।** कोयला उद्योग में कार्यरत लाखों मजदूरों के भविष्य से जुड़े एहम मुद्दे के विषय में भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के महामंत्री सुजीत सिंह ने राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता 12 के लिए कमेटी गठन में हो रही देरी पर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन तथा बीएमएस के कोल प्रभारी के. लक्ष्मा रेड्डी को पत्र लिखकर जल्द से जल्द पहल करने की मांग की है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि वर्तमान राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता 11 की समयावधि 30 जून को समाप्त होने जा रही है। ऐसे में परंपरा के अनुसार अगले वेतन समझौते 12 के लिए कमेटी का गठन पहले ही हो जाना चाहिए था, ताकि समय रहते मजदूरों के हितों पर चर्चा और निर्णय लिया जा सके, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम न उठाए जाने से श्रमिकों के बीच असमंजस और असंतोष की स्थिति बनती जा रही है। कोयला खदानों में कार्यरत श्रमिकों का कहना है कि वेतन समझौता उनके जीवन का आधार है। इसी के तहत वेतन, भत्ते, सुविधाएं और सामाजिक सुरक्षा तय होती हैं। ऐसे में यदि समय पर नई कमेटी नहीं बनती, तो भविष्य को लेकर अनिश्चितता स्वाभाविक है।महामंत्री सुजीत सिंह ने अपने पत्र में यह भी संकेत दिया है कि यदि जल्द ही कमेटी गठन की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई, तो संगठन को आगे की रणनीति बनाने पर मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने इसे मजदूर हितों की अनदेखी करार देते हुए कहा कि समय रहते समाधान जरूरी है।

### नजूल पट्टों के नवीनीकरण के लिए हो कारगर पहल, सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** भाजपा पार्षद आलोक दुबे ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप शहर के हजारों नजूल पट्टाधारकों की समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट किया है तथा इस समस्या के निराकरण के लिए तत्काल वार्डों में शिविर आयोजित करने सुझाव दिया है। वरिष्ठ भाजपा नेता आलोक दुबे ने बताया कि शासन द्वारा शहर के 20 हजार लोगों को नजूल पट्टा प्रदान किया गया है। इनमें से 80 फीसदी नजूल पट्टों की नवनीकरण अवधि समाप्त हो गई है जिसके कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पट्टाधारक व्यवसाइयों ने पट्टे की भूमि को बैंक में बंधक रखकर व्यवसायिक लिमिट बनवाया है। ऑडिट में पट्टे की नवीनीकरण अवधि समाप्त होने की बात सामने आने के बाद बैंक अधिकारी लिमिट को निरस्त करने की चेतावनी दे रहे हैं जिसके कारण व्यवसायी काफी परेशान है। इस समस्या का त्वरित निराकरण नहीं किया गया तो लोगों की समस्या काफी बढ़ सकती है। उन्होंने समस्या के निराकरण के लिए नजूल तहसीलदार, राजस्व निरीक्षण एवं पटवारियों को तैनात कर वार्ड-वार्ड शिविर लगाकर नवीनीकरण की प्राथमिक कार्रवाई पूरी करने एवं 30 वर्ष के लिए पट्टा नवीनीकरण की कार्रवाई करने की मांग की है।

## बिजनेस प्लस

### अलंकार टाइम्स एण्ड ऑप्टिकल्स का शुभारंभ

**अम्बिकापुर।** शहर के देवीगंज रोज महामाया चौक स्थित अलंकार मंदिर एण्ड आप्टिकल्स का स्थापना स्व. रामचंद्र स्वर्णकार एवं रविन्द्र स्वर्णकार द्वारा 1961 में किया गया था जो सभी अंचलों में एक जाना माना संस्थान रहा है। आज नए साज सज्जा के साथ शहर में एक मात्र नेत्र परीक्षण



अलंकार टाइम्स एण्ड ऑप्टिकल्स में जर्मनी के अत्याधुनिक मशीन से नेत्र परीक्षण के लिए उपलब्ध है जो सटीक नम्बर देता है। मशीन आपके आंखों का जांच करने में सक्षम है। संस्थान में अत्याधुनिक ग्लासेस जो हल्का एवं काफी राहत देने वाली है। इसके साथ ही घड़ियों का विशाल संग्रह कर रहे है।

### कैंप लगाकर लोगों को करेंगे जागरूक, बताएंगे आगजनी रोकने के उपाय

# अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह पर दमकल विभाग ने निकाली रैली





शहर में निकाली गई जागरूकता रैली।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

दमकल विभाग का अग्निशमन सुरक्षा आज से शुरू हुई। होमगार्ड के जवान समेत दमकल कर्मियों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई जो शहर भ्रमण पश्चात पुनः फायर स्टेशन परिसर में आकर संपन्न हुई। रैली निकालने से पूर्व दमकल विभाग के शहीदों के सम्मान में दो मिनट का मौन धारण किया गया। 14 से 20 अप्रैल तक चलने वाले अग्निशमन सुरक्षा के बीच दमकल कर्मचारियों द्वारा जिले भर में कैंप लगाकर लोगों को आगजनी की घटनाओं से बचाव व उपाय के संबंध में जागरूक किया जाएगा। संभागीय सेनानी राजेश पांडेय व जिला सेनानी श्री कठुतिया ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**खास बात**

- सुरक्षा सप्ताह के बीच होगी संभाग स्तरीय फायर ड्रिल प्रतियोगिता

**अग्निशमन कर्मी हुए थे शहीद**

जिला सेनानी एसके कठुतिया ने बताया कि 1944 में विक्टोरिया डॉक यार्ड पर फोर्ट स्टीकेन नामक मालवाहक जहाज खड़ा था, जिसमें रूई की गांठ, विस्फोटक सामग्री एवं युद्ध उपकरण भरे हुए थे। अचानक उसमें आग लग गई थी। मुंबई के अग्निशमन दल के जवान आग को बुझाने की लगातार कोशिश कर रहे थे। आग बुझाते समय जहाज में विस्फोटक सामग्री होने के कारण विस्फोट हुआ जिससे दमकल के 66 अग्निशमन कर्मी आग की चपेट में आकर वीरगति को प्राप्त हुए थे। इन बहादुर अग्निशमन कर्मियों की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को अग्निशमन दिवस एवं 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन दल द्वारा अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है।

होमगार्ड के जिला सेनानी एसके कठुतिया ने बताया कि देश में 14 से 20 अप्रैल के बीच अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है। इसी तारतम्य में जिले में भी अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया है। गाइडलाइन के अनुरूप दमकल कर्मचारियों द्वारा रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया जाता है। रैली से पूर्व 1944 में एक हादसे में दमकल के कई जवानों ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए और उनके सम्मान में दो मिनट का मौन धारण किया गया। 14 से 20 अप्रैल के बीच जिले में आगजनी की घटना न हो तथा लोग आगजनी की घटना को लेकर जागरूक हो इसके लिए स्कूल, कॉलेज, निजी संस्था सहित ऐसे संस्था में कैंप लगाकर जागरूक किया जाता है जहां आगजनी होने की संभावना अधिक होती है। उन्होंने अग्निशमन कर्मचारी, एसडीआरएफ तथा नगर सैनिकों को आगामी सप्ताह में किए जाने वाले अग्निशमन संबंधित रचनात्मक कार्यों के बारे में जानकारी दी। अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह पर बाइक व वाहन रैली को जिला सेनानी एसके कठुतिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली प्रतीक्षा बस स्टैण्ड दमकल कार्यालय परिसर से शुरू होकर बिलासपुर चौक, भारत माता चौक, महामाया चौक, बौरीपारा प्रतापपुर चौक, मिशन चौक होते हुए रिंग रोड नमनाकला से पुनः कार्यालय परिसर में आकर संपन्न हुई। रैली में उप निरीक्षक संजय गुप्ता, अंजनी तिवारी, प्रमोद मिश्रा, गुलशन तिवारी, रामलाल, केवल साय सहित बड़ी संख्या में अग्निशमन कर्मचारी, एसडीआरएफ तथा नगर सैनिक शामिल रहे।



## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया खालसा साजना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर के गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में सिक्ख समाज व श्रद्धालुओं द्वारा खालसा साजना दिवस श्रद्धा भाव व उत्साह के साथ मनाया गया।

गौरतलब है कि बैशाखी पर्व के दिन ही सिक्खों के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह साहेब द्वारा पंज प्यारे तैयार कर खालसा पंथ की स्थापना की गई थी तब से अभी तक सिक्ख परंपरा अनुसार प्रति वर्ष अप्रैल माह में बैसाखी पर्व व खालसा साजना दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाकर खुशियां साझा की जाती हैं। बैसाखी पर्व मनाने के मद्देनजर दो दिन पूर्व रविवार को निशान साहेब के चोला साहेब कपड़े की सेवा सिक्ख सेवादार सरदार जगदीश सिंह बग्गा परिवार की तरफ से सम्पन्न कराई गई,तत्पश्चात रविवार को ही साध संगत की उपस्थिति में अखंड पाठ प्रारम्भ कराया गया जिसकी समाप्ति तीसरे दिवस मंगलवार के दिन हुई। तत्पश्चात रागी जत्था ज्ञानी अमरदीप सिंह प्रीत व अजीत सिंह प्रीत द्वारा समूह साध संगत व श्रद्धालुओं को गुरबाणी रूपी शबद सुनाकर निहाल किया गया। इसके साथ ही दसवीं पातशाही श्री गुरु गोबिंद साहेब की धर्म स्थापना व मानवता के खातिर दिए हुए बलिदान को कथा के रूप में स्मरण कराया गया, बैशाखी पर्व मनाने हेतु श्रद्धालुओं ने भी सेवा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं लंगर बनाने समेत साज सज्जा में अपनी भागीदारी दिखाई,सुबह से ही श्रद्धालुओं का गुरुद्वारा आने व श्री गुरु ग्रन्थ साहेब जी के समक्ष माथा टेककर मंगल कामना की अरदास करने का सिलसिला दोपहर तक चलता रहा,अरदास समाप्ति पश्चात गुरु का लंगर वर्ताया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद रूपी लंगर ग्रहण किया। खालसा साजना दिवस मनाने हेतु गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी, स्त्री साध संगत, सिक्ख युवा समिति के सदस्य सक्रिय रहे।

- राागी जत्थों के द्वारा किया गया शबद कीर्तन, अरदास समाप्ति पश्चात वर्ताया गया गुरु का लंगर

## भारतीय संविधान के वास्तुकार थे अम्बेडकर : ब्रम्हाशंकर

**अम्बिकापुर।** बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर तुलसी साहित्य समिति द्वारा सच्चिदानंद पाण्डेय, चन्द्रभूषण मिश्र, दुर्गाप्रसाद श्रीवास्तव, डॉ.उमेश पाण्डेय के आतिथ्य व वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रह्माशंकर सिंह की अध्यक्षता में विचारगोष्ठी और सरस काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रह्माशंकर सिंह ने डॉ.अंबेडकर को भारतीय संविधान का प्रमुख वास्तुकार बताते हुए कहा कि उन्होंने जातिवाद व अस्पृश्यता-उन्मूलन के लिए आजीवन संघर्ष किया। वे एक महान शिक्षाविद्, विचारक, समाजसुधारक और राष्ट्रनायक थे। सही मायने में वे एक महामानव थे। राष्ट्र निर्माण में उनका योगदान अलौकिक है। वे स्वतंत्रता, समता और बंधुता के प्रबल पक्षधर रहे। वे इनके द्वारा समाज की पुनर्रचना चाहते थे। 25 दिसंबर 1925 को महाड़ सम्मेलन में डॉ.अंबेडकर ने कहा था कि अस्पृश्यता निवारण का कार्य हिन्दू समाज को बलशाली बनाएगा। हमें पक्षपात, समाज के अमानवीय ढांचे को बदलना होगा ताकि हमारा देश मजबूत हो सके। सच्चिदानंद पाण्डेय ने कहा कि डॉ.अंबेडकर समान नागरिकता के पक्षधर थे। भारतीय संविधान सभी नागरिकों को मूलभूत अधिकार देता है। देश में केवल हिन्दू ही नहीं, मुस्लिम, ईसाई, यहूदी और पारसी भी रहते है। डॉ.अंबेडकर को जल संरक्षण का भविष्यदृष्टा बताया। जिन्होंने नदी जोड़ परियोजना की अवधारणा का सूत्रपात किया। कार्यक्रम को संस्था के अध्यक्ष कवि मुकुंदलाल साहू ने अपने दोहों में संविधान शिल्पी डॉ.अंबेडकर को महान ज्ञानी बताया। संस्था की कार्यकारी अध्यक्ष डॉ.माधुरी जायसवाल ने डॉ.अंबेडकर को एक अनमोल दीपक बताया। आशा पाण्डेय ने अपने दोहे में भारत रत्न अंबेडकर को देश की शान बताया, वरिष्ठ कवि चन्द्रभूषण मिश्र ने अपनी कविता से पंजूवादी शोषण की यादें ताजाकर दी। इनके अलावा डॉ.उमेश पाण्डेय, कवयित्री आशा मिश्रा, अजय सागर और राजेंद्र राज की कविता ने कार्यक्रम को सरस और यादगार बनाया। इस दौरान केके त्रिपाठी, दिनेश राजवाड़े, तृषा, मदालसा गुप्ता, प्रमोद और केशरवानी वैश्यसभा के उपाध्यक्ष मनीलाल गुप्ता सहित अनेक काव्यप्रेमी उपस्थित थे।



## संयुक्त संचालक ने मूल्यांकन केंद्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



संयुक्त संचालक शिक्षा संजय गुप्ता द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर स्थित मूल्यांकन केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने मूल्यांकन कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों एवं शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। संयुक्त संचालक गुप्ता ने निर्देशित किया कि जांची गई कॉपियों में से कुछ कॉपियों का पुनः अन्य मूल्यांकनकर्ताओं से परीक्षण कराया जाए, ताकि मूल्यांकन की शुद्धता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया से विद्यार्थियों को निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण परिणाम प्राप्त होंगे।उन्होंने सभी मूल्यांकनकर्ताओं को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी विषयों की शेष कॉपियों का मूल्यांकन कार्य समय सीमा में पूर्ण करें। समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करते हुए कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी गई। निरीक्षण के दौरान उपस्थित मूल्यांकन प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे नियमित रूप से मॉनिटरिंग करते हुए मूल्यांकन कार्य को सुव्यवस्थित एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराएं। संयुक्त संचालक ने यह भी स्पष्ट किया कि गुणवत्ता एवं समयबद्धता दोनों ही मूल्यांकन प्रक्रिया के महत्वपूर्ण आधार हैं, जिनसे किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने निर्देशित किया कि परीक्षा परिणाम निर्धारित समय-सारणी के अनुसार प्रत्येक विद्यालय में समय पर जारी किए जाएं। संयुक्त संचालक संजय गुप्ता ने निर्देश दिए कि कॉपियों का मूल्यांकन निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। मूल्यांकन कार्य में तेजी एवं गुणवत्ता दोनों का संतुलन बनाए रखा जाए, ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि शासन के निर्देशानुसार परीक्षा परिणाम समय पर जारी किए जा सकें। संयुक्त संचालक के निरीक्षण के दौरान सहायक संचालक अनिल अग्रवाल,प्राचार्य एवं मूल्यांकन केंद्र प्रभारी आशीष भट्टाचार्य एवं सभी सहायक मूल्यांकन केंद्र प्रभारी उपस्थित थे।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम सशक्त भारत की ओर एक ऐतिहासिक कदमः राजवाड़े

**अम्बिकापुर।** भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 एक मील का पत्थर है। यह केवल एक संवैधानिक संशोधन नहीं, बल्कि देश की करोड़ों महिलाओं के आत्मविश्वास, अधिकार और नेतृत्व क्षमता को नई दिशा देने वाला ऐतिहासिक निर्णय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में यह ऐतिहासिक पहल साकार हुई है, जो महिला-नेतृत्व विकास के उनके संकल्प को मजबूत आधार प्रदान करती है।

कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि इस अधिनियम के माध्यम से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया गया है। प्रधानमंत्री ने इसे नए भारत की विकास यात्रा में एक निर्णायक कदम बताते हुए स्पष्ट किया है कि अब महिलाएं केवल नीति की लाभार्थी नहीं बल्कि नीति की निर्माता बनेंगी। यह प्रावधान महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में सशक्त भागीदारी का अवसर देगा और लोकतंत्र को अधिक समावेशी, संवेदनशील एवं प्रभावी बनाएगा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम इन सभी प्रयासों को एक नई ऊंचाई प्रदान करेगा। जब महिलाएं संसद और विधानसभाओं में अधिक संख्या में पहुंचेंगी तो वे अपने अनुभव, संवेदनशीलता और जमीनी समझ के साथ समाज के हर वर्ग के हितों का बेहतर प्रतिनिधित्व करेंगी। इससे नीतियां अधिक जन-केंद्रित और न्यायसंगत बनेंगी। यह अधिनियम सामाजिक न्याय, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का भी माध्यम है। वर्षों से महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी सीमित रही है, जबकि पंचायत स्तर पर उनकी सक्रिय भूमिका ने यह सिद्ध कर दिया है कि वे नेतृत्व में पूरी तरह सक्षम हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में यह पहल महिलाओं की उस क्षमता को राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार देने का ऐतिहासिक अवसर प्रदान करती है।







## निर्वाचन आयोग के निर्देश पर नपं शिवनंदनपुर की मतदाता नामावली की गई प्रकाशित

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत शिवनंदनपुर आम निर्वाचन 2026 के तहत 1 अप्रैल की स्थिति में तैयार मतदाता नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन नगर पंचायत के सभी 15 वार्डों के मतदान केंद्रों में कर दिया गया है,यह प्रक्रिया छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, रायपुर के निर्देशानुसार की गई है,उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन), जिला सूरजपुर ने बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम हटाने या त्रुटि सुधार के लिए 20 अप्रैल 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी।

- 20 अप्रैल तक सभी लोगों के दर्ज होंगे दावा-आपत्ति मुद्दे, नये मतदाता जोड़ने की अंतिम तिथि 24 अप्रैल निर्धारित की गई

उन्होंने नगर पंचायत शिवनंदनपुर के नागरिकों, मतदाताओं एवं गणमान्य व्यक्तियों से अपील की है कि वे अपने-अपने वार्ड के मतदान केंद्रों, नगरीय निकाय कार्यालयों, संबंधित तहसील कार्यालयों एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय में उपलब्ध मतदाता सूची का सावधानीपूर्वक अवलोकन करें। साथ ही यह सुनिश्चित करें कि उनके एवं उनके परिवार के सभी पात्र सदस्यों के नाम सही रूप से सूची में दर्ज हैं। किसी भी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर नागरिक नगर पंचायत में नियुक्त अधिकृत कर्मचारी के समक्ष निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन से संबंधित कार्य 20 अप्रैल, अपराह्न 3 बजे तक किया जाएगा,वहीं नए मतदाता का नाम जोड़ने की अंतिम तिथि 24 अप्रैल निर्धारित की गई है,इसके बाद प्राप्त दावे या आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने नागरिकों से अपील की है कि वे जागरूक मतदाता बनें और अपने परिवार, मित्रों एवं पड़ोसियों को भी मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करें, ताकि सूची पूरी तरह शुद्ध और त्रुटिरहित बनाई जा सके।




